**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3419**

**दिनांक 12 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ**

**.....**

**कृष्णा नदी से संबंधित नदी बेसिन को जोड़ने की वर्तमान स्थिति**

**3419. डॉ. के. सुधाकरः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कर्नाटक के कोलार और चिकबल्लापुर जिलों को पानी उपलब्ध कराने के लिए कृष्णा नदी बेसिन से संबंधित प्रस्तावित नदियों को जोड़ने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी पहलों के तहत पानी के हस्तांतरण या बंटवारे को सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं या किसी परियोजना को मंजूरी दी है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कोलार और चिकबल्लापुर जिलों को सिंचाई और पेयजल लाभ प्रदान करने के लिए इस तरह के नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी कार्यों को पूरा करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री**

**(श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क) से (ग):** भारत सरकार ने नदियों को आपस में जोड़ने के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) तैयार की है, जिसके अंतर्गत जल की कमी को दूर करने और देश भर में सिंचाई एवं अन्य जल संबंधी लाभों को बढ़ाने के लिए 30 नदी जोड़ो परियोजनाओं (आईएलआर) को चिन्हित किया गया है, जिनमें 16 प्रायद्वीपीय और 14 हिमालयी लिंक शामिल हैं। राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी (एनडब्ल्यूडीए) इन आईएलआर लिकों के लिए अध्ययन करने और परियोजना रिपोर्ट तैयार करने वाली नोडल एजेंसी है।

एनडब्ल्यूडीए ने सभी 30 परियोजनाओं के लिए पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर), 26 लिकों के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआर) और 11 लिकों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी कर ली है। एनपीपी के तहत इन 30 लिकों की स्थिति **अनुलग्नक** में दी गई है।

चिन्हित लिंक कृष्णा बेसिन से संबंधित हैं, जिनमें कृष्णा (अलमट्टी)-पेन्नार परियोजना, कृष्णा (श्रीशैलम)-पेन्नार परियोजना और अन्य शामिल हैं। तथापि, इनमें से कोई भी लिंक कर्नाटक के कोलार और चिकबल्लापुर जिलों में पानी पहुंचाने के लिए डिज़ाइन नहीं की गई है।

चूंकि एनपीपी के अंतर्गत वर्तमान में कृष्णा नदी का पानी कोलार और चिकबल्लापुर जिलों को उपलब्ध कराने के लिए कोई आईएलआर परियोजना प्रस्तावित नहीं है, अतः इन जिलों के लिए ऐसे कार्यों के पूरा होने की समय-सीमा नहीं का उल्लेख किया जा सकता है।

*****

**अनुलग्नक**

**"कृष्णा नदी से संबंधित नदी बेसिन को जोड़ने की वर्तमान स्थिति" के संबंध में दिनांक 12.03.2026 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न संख्या 3419 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**एनपीपी के अंतर्गत नदी जोड़ो परियोजना का ब्यौरा और वर्तमान स्थिति**

**प्रायद्वीपीय घटक**

| क्र.सं. | नाम | लाभान्वित राज्य | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | महानदी (मणिभद्रा) - गोदावरी (दौलैस्वरम) लिंक | आंध्र प्रदेश (एपी) और ओडिशा | एफआर पूर्ण |
| | वैकल्पिक महानदी (बरमूल) - ऋषिकुल्या - गोदावरी (दौलैस्वरम) लिंक | आंध्र प्रदेश और ओडिशा | एफआर पूर्ण |
| 2 | गोदावरी (पोलावरम)-कृष्णा (विजयवाड़ा) लिंक@ | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना | एफआर पूर्ण |
| 3 | क.) गोदावरी (इंचमपल्ली) - कृष्णा (नागार्जुनसागर) लिंक | तेलंगाना | एफआर पूर्ण |
| | ख.) वैकल्पिक गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुनसागर) लिंक * | तेलंगाना | डीपीआर पूर्ण |
| 4 | गोदावरी (इंचमपल्ली/एसएसएमपीपी) - कृष्णा (पुलिचिंताला) लिंक | तेलंगाना और आंध्र प्रदेश | डीपीआर पूर्ण |
| 5 | क.) कृष्णा (नागार्जुनसागर) - पेन्नार (सोमासिला) लिंक | आंध्र प्रदेश | एफआर पूर्ण |
| | ख.) वैकल्पिक कृष्णा (नागार्जुनसागर) - पेन्नार (सोमसिला) लिंक * | आंध्र प्रदेश | डीपीआर पूर्ण |
| 6 | कृष्णा (श्रीशैलम) - पेन्नार लिंक | आंध्र प्रदेश | डीपीआर पूर्ण |
| 7 | कृष्णा (अलमट्टी) - पेन्नार लिंक | आंध्र प्रदेश और कर्नाटक | डीपीआर पूर्ण |
| 8 | क.) पेन्नार (सोमसिला) - कावेरी (ग्रैंड एनीकट) लिंक | आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी | एफआर पूर्ण |
| | ख.) वैकल्पिक पेन्नार (सोमसिला) - कावेरी (ग्रैंड एनीकट) लिंक * | आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी | डीपीआर पूर्ण |
| 9 | कावेरी (कट्टलाई) - वैगई - गुंडर लिंक | तमिलनाडु | डीपीआर पूर्ण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | क.) पार्बती-कालीसिंध - चंबल लिंक | मध्य प्रदेश (एमपी) और राजस्थान | एफआर पूर्ण |
| | ख.) संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चंबल लिंक | मध्य प्रदेश और राजस्थान | दोनों राज्यों द्वारा कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं |
| 11 | दमनगंगा - पिंजल लिंक | महाराष्ट्र (केवल मुंबई को जल की आपूर्ति) | डीपीआर पूर्ण की गई और इसे "प्राथमिकता लिंक" के स्टेटस से हटा दिया गया है |
| 12 | पार-तापी-नर्मदा लिंक | गुजरात और महाराष्ट्र | डीपीआर पूर्ण की गई और इसे "प्राथमिकता लिंक" के स्टेटस से हटा दिया गया है |
| 13 | केन-बेतवा लिंक | उत्तर प्रदेश (यूपी) और मध्य प्रदेश | डीपीआर पूर्ण और परियोजना कार्यान्वयन के अधीन है |
| 14 | पंबा - अचनकोविल - वैप्पर लिंक | तमिलनाडु और केरल | एफआर पूर्ण |
| 15 | बेदती - वरदा लिंक@@ | कर्नाटक | डीपीआर पूर्ण |
| 16 | नेत्रवती - हेमवती लिंक*** | कर्नाटक | पीएफआर पूर्ण |

* मणिभद्र और इंचमपल्ली बांधों पर सहमति लंबित होने के कारण, गोदावरी नदी के अप्रयुक्त जल को मोड़ने के लिए परियोजना का चरण-I का अध्ययन किया गया था और गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुनसागर)-पेन्नार (सोमासिला)-कावेरी (ग्रैंड एनीकट) लिंक परियोजनाओं (संयुक्त) की डीपीआर पूरी कर ली गई थी, जिसे गोदावरी-कावेरी लिंक कहा जाता है। रिपोर्ट को आगे अपडेट किया गया है जिसमें लिंक नहर को वेल्लर नदी सहायक नदी मणिमुख्ता नही, जो कावेरी बेसिन के निकट बहती है, पर समाप्त किया गया है।

@@ बेट्टी-वरदा लिंक - डीपीआर को सीधे पीएफआर तैयार करने के बाद तैयार किया गया था, कोई एफआर तैयार नहीं की गई था।

@ गोदावरी (पोलावरम) - कृष्णा (विजयवाड़ा) लिंक- यह परियोजना आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण द्वारा निष्पादित की जा रही है।

*** नेत्रावती - हेमवती लिंक: पीएफआर की तैयारी के बाद आगे का अध्ययन नहीं किया गया क्योंकि कर्नाटक सरकार द्वारा येट्टीनाहोल परियोजना के कार्यान्वयन के बाद, इस लिंक के माध्यम से डायवर्जन के लिए नेत्रावती बेसिन में कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है।

**<u>हिमालयन घटक</u>**

| क्र.सं. | नाम | लाभान्वित राज्य/देश | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | कोसी-मेची लिंक** | बिहार और नेपाल | पीएफआर पूर्ण |
| 2. | कोसी-घाघरा लिंक | बिहार, उत्तर प्रदेश (यूपी) और नेपाल | एफआर पूर्ण |
| 3. | गंडक - गंगा लिंक | उत्तर प्रदेश और नेपाल | एफआर पूर्ण |
| 4. | घाघरा-यमुना लिंक | उत्तर प्रदेश और नेपाल | एफआर पूर्ण |
| 5. | सारदा-यमुना लिंक | उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड | एफआर पूर्ण |
| 6. | यमुना-राजस्थान लिंक | हरियाणा और राजस्थान | एफआर पूर्ण |
| 7. | राजस्थान-साबरमती लिंक | राजस्थान और गुजरात | एफआर पूर्ण |
| 8. | चुनार-सोन बैराज लिंक | बिहार और उत्तर प्रदेश | एफआर पूर्ण |
| 9. | सोन बांध - गंगा लिंक की दक्षिणी सहायक नदियाँ | बिहार और झारखंड | मसौदा एफआर पूर्ण |
| 10. | मानस-संकोश-तीस्ता-गंगा (एम-एस-टी-जी) लिंक | असम, पश्चिम बंगाल और बिहार | एफआर पूर्ण |
| 11. | जोगीघोपा-तीस्ता-फरक्का लिंक (एम-एस-टी-जी का विकल्प) | असम, पश्चिम बंगाल और बिहार | पीएफआर पूर्ण (प्रस्ताव अस्वीकार) |
| 12. | फरक्का-सुंदरबन लिंक | पश्चिम बंगाल | एफआर पूर्ण |
| 13. | गंगा (फरक्का) - दामोदर-सुवर्णरेखा लिंक | पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड | एफआर पूर्ण |
| 14. | सुवर्णरेखा-महानदी लिंक | पश्चिम बंगाल और ओडिशा | एफआर पूर्ण |

**कोसी-मेची इंटर स्टेट लिंक - पीएफआर तैयार किया गया और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के कारण प्रस्ताव को छोड़ दिया गया, बाद में, बिहार सरकार के अनुरोध पर, एनडब्ल्यूडीए ने कोसी-मेची इंट्रा स्टेट लिंक परियोजना शुरू की है।

*****